थानाधिकारी को हटाने की मांग पर ग्रामीणों ने थाने को घेरा

■ दो महीने में दो बडी चोरी, अब तक खुलासा नहीं

उदयपुर, । उदयपुर के बाघपुरा थाना क्षेत्र में दो महीने में हुई दो बडी चोरियों का खुलासा नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने थाने का घेराव किया। थानाधिकारी वेलाराम ने ग्रामीणों से समझाइश की। उन्होंने जल्द चोरों को पकडने का आश्वासन दिया। तब जाकर ग्रामीण माने। इससे पहले लोग चोरों की जल्द गिरफ्तारी और थानाधिकारी को यहां से हटाने की मांग करते रहे लोगों का कहना था कि दो दिन पहले भी एक चोरी हुई थी जिसमें ग्रामीणों ने आरोपी को पकडकर पुलिस को सौंपा था। पुलिस अपने स्तर पर चोरों को पकडने का कोई प्रयास नहीं कर रही। नाराज ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने थानाधिकारी को हटाने की मांग की। साथ ही चेतावनी भी दी कि जल्द ही चोरों को नहीं पकडा गया तो बडा आंदोलन किया जाएगा। जानकारी अनुसार 31 मई को बाघपुरा कस्बे में देर रात अज्ञात चोरों ने 8 मकानों के ताले तोडे थे। जिनमें दो मकानों से लाखों रुपए के सोना.चांदी के जेवरात और नकदी चोरी हो गई थी। इसके बाद से ग्रामीणों में पुलिस के प्रति भारी आक्रोश है। वहीं दूसरी वारदात गत 14 जून को देर रात मादडी गांव में हुई थी। जहां चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाया। खिडकी तोडकर अंदर घुसे और कीमती सामान चुरा ले गए। दोनों ही चोरियों में पुलिस को अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

मदार छोटा छलका, फतहसागर छलकने की उम्मीद जगी

■ उदयपुर शहर में आज खण्ड वर्षा, भारी उमस में बीता दिन

■ स्वरूपसागर के चारों गेट तीन-तीन इंच खोले

उदयपुर, । झीलों के शहर की लाइफलाइन फतहसागर झील में पानी की आवक अब मदार नहर से शुरू हो सकती है। मदार छोटा तालाब सोमवार शाम को छलक गया हालांकि इस पर पानी की रपट बहुत ही कम फ्लो के साथ चल रही है ऐसे में यह पानी तो फतहसागर नहीं पहुंच पाएगा लेकिन इसके भरने से अब मदार नहर से भी आवक जल्द शुरू होने की उम्मीद जग गई है। इधर, शहर के कुछ क्षेत्रों में खण्ड वर्षा के रूप में बारिश हुई। दिनभर भारी उमस ने लोगों को बेहाल किया।

फतहसागर झील में 11 फीट क्षमता के करीब सीसारमा नदी से हो रही आवक के चलते लिंक नहर के जरिए पानी दिया गया और अब मदार नहर के चलने की उम्मीदें जग गई है क्योंकि इस नहर को चलाने वाला मदार छोटा तालाब छलक गया है। हालांकि 24 फीट क्षमता वाला मदार बड़ा तालाब अब भी तीन फीट खाली है ऐसे में इसके छलकने के बाद मदार नहर का फ्लो तेज हो जाएगा।

मदार छोटा के आज शाम छलकने के बाद उसकी रपट से पानी बहने लगा लेकिन पानी का फ्लो तेज नहीं है। फतहसागर झील दो फीट 8 इंच खाली है और संभवत: जल्द ही इसके छलकने की सौगात शहरवासियों को मिल सकती है। वहीं पीछोला झील के लबालब होने के बाद स्वरूपसागर के चारों गेट दूसरे दिन भी तीन-तीन इंच खुले रहे और सीसारमा से जब तक आवक होती रहेगी इस पर चादर चलती रहेगी। सीसारमा का वेग बढने पर इसके गेट और ज्यादा भी खोले जा सकते है।

इधर, शहर में आज कहीं-कहीं खण्ड वर्षा हुई लेकिन मौसम में भारी उमस बनी रही। उमस के चलते शहर के दिन के तापमान में 3 डिग्री की बढोतरी हुई है। अधिकतम तापमान 28.3 डिग्री से तीन डिग्री बढकर 31.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं बीते 12 घंटों में जिले में कहीं भी बारिश के समाचार नहीं मिले है।

शिक्षावादिता प्रो. विजय श्रीमाली की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर

उदयपुर, । सादगी, सेवा और शिक्षावादिता के प्रतीक रहे प्रो. विजय श्रीमाली की सातवीं पुण्यतिथि पर टाइगर हिल स्थित संस्कार भवन में 151 यूनिट रक्त एकत्र कर जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी सेवा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान 501 पौधारोपण और पौधा वितरण कार्यक्रम भी हुआ व हॉस्पिटल में मरीजों और उनके परिजनों के लिए भोजन सेवा भी की गई। रक्तदान शिविर में प्रो. श्रीमाली के अनुयायियों, पूर्व विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

फाउंडेशन के जतिन श्रीमाली ने बताया कि यह रक्तदान शिविर केवल एक पुण्यतिथि कार्यक्रम नहीं था, बल्कि यह प्रो. श्रीमाली के उस जीवन दर्शन को आगे बढ़ाने की पहल है, जिसमें उन्होंने हमेशा 'जीवन दूसरों के लिए जीओ' का संदेश दिया। प्रो विजय श्रीमाली को पुष्पांजलि के अवसर पर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि 'प्रो. विजय श्रीमाली का शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में योगदान अविस्मरणीय है।' विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा, 'वे राजसमंद के छात्रों के बीच भी अत्यंत लोकप्रिय थे और सदैव उनके सहयोग के लिए तत्पर रहते थे।' रविन्द्र श्रीमाली ने कहा, 'वे सिद्धांतों से कभी समझौता न करने वाले, साहसी व सेवा भावना से ओतप्रोत व्यक्तित्व थे। वे जिस हाथ से मदद करते, दूसरे हाथ को खबर तक नहीं होती।' कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने प्रो. विजय श्रीमाली के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, शहर विधायक ताराचंद जैन, राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी, पूर्व उपमहापौर पारस सिंघवी, पूर्व देहात भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्त सिंह चौहान, शहर भाजपा उपाध्यक्ष अतुल चंडालिया, भाजपा नेता रामकृपा शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष दिनेश श्रीमाली, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष सुरेश श्रीमाली, पूर्व पार्षद गिरीश श्रीमाली, ब्राह्मण समाज मेवाड़ अध्यक्ष दिग्विजय श्रीमाली मौजूद रहें।

सक्का बिरादरी की 150 प्रतिभाएं सम्मानित

उदयपुर, । सक्का बिरादरी की ओर से आयोजित पहले प्रतिभा सम्मान समारोह में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 150 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समाज के प्रवक्ता इजहार हुसैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि हाजी मो. हुसैन चौधरी थे। जिन्होंने कहा कि युवाओं की कामयाबी बिरादरी का गौरव है। कार्यक्रम में सदर हाजी शरीफ, सचिव फिरोज खान अब्बासी, राहुल बडाला सहित ताहिर मो., मो. इफ्तेखार, इंजीनियर नेहा सक्का, सैय्यद हुसैन, एडवोकेट शमीम बानो, मो. कलीम आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व सचिव रियाज़ हुसैन, इश्तियाक सक्का, सईद सक्का, निजामुद्दीन सक्का आदि का सहयोग रहा।

राजस्व न्यायालय से जुड़े प्रकरणों में गंभीरता बरतें : कलक्टर

■ राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

उदयपुर, । राजस्व प्रकरणों की समीक्षा तथा अवैध खनन की रोकथाम को लेकर बैठक सोमवार को जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

बैठक में जिला कलक्टर मेहता ने राजस्व न्यायालय से जुडे कार्यों में पूर्ण गंभीरता बरतने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का राजस्व प्रकरणों पर विशेष फोकस है, इसलिए कोर्ट के कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने अवगत कराया कि आगामी समय में मुख्यमंत्री स्वयं राजस्व प्रकरणों की विशेष समीक्षा बैठक वीसी के माध्यम से लेंगे। इसके अलावा मुख्य सचिव की भी उदयपुर में समीक्षा बैठक प्रस्तावित है।

बैठक में राजस्व से जुडे प्रकरणों यथा जीसीएमएस से प्राप्त केसेज, पत्थरगढ़ी, नामांतरण, धारा 53, धारा 251 सहित अन्य प्रकरणों की उपखंड वार समीक्षा की। जिला कलक्टर ने लंबित प्रकरणों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए पाबंद किया। मेहता ने ई फाइलिंग की समीक्षा करते हुए सभी कार्य ई फाइलिंग से करने तथा फाइल्स का समयबद्ध डिस्पोजल करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की रविवार को हुई वीसी में दिए निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि संभावित अतिवृष्टि के मद्देनजर जर्जरहाल राजकीय एवं निजी भवनों का चिन्हीकरण कर अपेक्षित कार्यवाही करें।

शहर की सबसे लम्बी 20वीं कावड़ यात्रा 29 को

उदयपुर । देश में सुख शांति एवं अच्छी वर्षा की कामना को लेकर शिव महोत्सव समिति की ओर से आगामी 29 जुलाई को उदयपुर से उभयेश्वर महादेव तक की 21 किलोमीटर तक निकाले जानी वाली 20वी कावड यात्रा में सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी हो इसके निमित आयोजित सात दिवसीय समारोह का आगाज सोमवार को हुआ। समारोह के पहले दिन गंगु विकास समिति की ओर से पांच हजार वर्ष पुराने गंगा के चौथे पाये गंगु कुंड परिसर में स्थापित श्रीदेव राजेश्वर महादेव का विधि विधान के साथ जलाभिषेक कर कावड यात्रा में आने का न्यौता व कावड यात्रा को निर्विग्न सम्पन्न कराने की कामना की गई।

जलाभिषेक व शिव भजनों से गूंजा महाकालेश्वर मंदिर, उमडे शिव भक्त

उदयपुर, । महाकालेश्वर मंदिर में सावन के दूसरे सोमवार को सुबह से भक्तों की भारी भीड उमडी, पूजा, अनुष्ठान के साथ भगवान आशुतोष को मंदिर परिसर में ही वन भ्रमण करवाया गया। इस दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड उमडने लगी। भगवान महाकाल के जयकारों साथ ही ओम नम: शिवाय उद्घोष करते हुए भक्तों ने प्रभु के दर्शन किए और जलाभिषेक किया। गर्भगृह में विराजित मूल प्रतिमा पर सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक बाहर लगे कलश के माध्यम से आम भक्तों ने अभिषेक किया। इसी दौरान 11.15 बजे से पालकी को सजाने के साथ ही भगवान के विग्रह स्वरूप को उसमें विराजित किया गया। पूजा.अर्चना के बाद दोपहर ठीक 12.15 बजे भक्त पालकी को सभा मंडप से लेकर रवाना हुए। सबसे पहले पालकी को गर्भगृह में विराजित महाकालेश्वर की प्रतिमा के सम्मुख ले जाया गया। वहां जयकारों के साथ पालकी को झुलाते हुए मंदिर परिसर में ही मौजूद नक्षत्र वाटिका में ले जाया गया। वाटिका में पालकी को विराजित कर भगवान की विशेष पूजा.अर्चना करके भोग लगाया गया। इसके बाद पुन: पालकी को मंदिर में लाकर सभा मंडप में आरती उतारी गई। इसके बाद भगवान के विग्रह रूप को झूले में विराजित किया गया।

विद्यापीठ में विलेज कैंप का आयोजन

उदयपुर, । जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक विभाग डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के विधार्थियों हेतु विलेज कैंप का आयोजन हुआ।

संस्थान निदेशक प्रो. मंजू माण्डोत ने बताया की विद्यार्थियों को विलेज कैंप हेतु श्रेय भारती सामुदायिक केन्द्र, साकरोदा तथा जन भारती सामुदायिक केन्द्र, कानपूर ले जाया गया। मुख्य अतिथि कुलाधिपति बी एल गुर्जर ने कहा की विलेज कैंप से विद्यार्थियों को ग्रामीण जीवनशैली और वहां की समस्याओं को समझने में मदद मिलेगी, साथ ही वे अपने तकनीकी ज्ञान का उपयोग करके ग्रामीण समुदायों के लिए कुछ उपयोगी समाधान भी विकसित कर सकते हैं। विशिष्ठ अतिथि कुलगुरु प्रो. एस एस सारंगदेवोत ने अपने उद्बोधन में बताया की इस तरह के विलेज कैंप विद्यापीठ काफी वर्षो से कराता आया है, जिससे छात्रों का समग्र एवं सर्वांगीण विकास हो सके एवं किस तरह से हम सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए हम हमारे गाँवो में व्याप्त विभिन्न समस्याओ को दूर कर सके। इस भ्रमण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कंप्यूटर के महत्व के बारे में जागरूकता बढाना और विद्यार्थियों को ग्रामीण विकास में योगदान करने के लिए तैयार करना है। यह आयोजन छात्रों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने और समाधान करने में भी मदद करेगा। कैंप में विधार्थियों ने ग्रामीण जीवनशैली, पारंपरिक व्यवसाय, और सांस्कृतिक पहलुओं का अध्ययन किया तथा ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं, जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, और स्वच्छता, के लिए तकनीकी समाधान विकसित करने पर विचार किया। विलेज कैंप के सफल आयोजन में विभाग के संकाय सदस्यों डॉ. मनीष श्रीमाली, डॉ. प्रदीप सिंह शक्तावत, डॉ. भरत सुखवाल ने अहम् भूमिका निभाई। कार्यक्रम में स्टाफ सदस्य मुकेश नाथ, दुर्गाशंकर, मनोज यादव, त्रिभुवन सिंह बमनिया उपस्थित थे ढ्ढ कंप्यूटर विभाग के छात्रों के लिए विलेज कैंप का आयोजन सार्थक पहल रही। यह न केवल छात्रों के लिए ज्ञान और अनुभव का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत रहा, अपितु ग्रामीण समुदायों के विकास में भी सहायक सिद्ध हुआ। यह विलेज कैंप विद्यार्थियों के लिए एक अनूठा और यादगार अनुभव रहा, और इससे उन्हें एक जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनने में मदद मिली।

यादव समाज की आम सभा का आयोजन

उदयपुर, । यादव (अहीर) समाज, कृष्णपुरा, उदयपुर की एक आम सभा का आयोजन राधा-कृष्ण मंदिर, कृष्णपुरा में किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रथम पंजीकरण का लोकार्पण ठाकुरजी के समक्ष समाज के वरिष्ठ सदस्य घीसालाल यादव द्वारा किया । अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष केसरी लाल यादव ने की गई। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों के सहयोग एवं समर्थन के लिए आभार प्रकट किया। साथ ही, समाज द्वारा सम्मानित किया ।

सभा में यादव समाज की कार्यप्रणाली, संगठनात्मक ढांचा और आयु वर्ग अनुसार सहभागिता पर विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया । कार्यक्रम में समाज के समस्त पदाधिकारीगण व सदस्यगण की उपस्थिति रही।

श्रावण मास में श्रद्धा की गंगा बहाता रामेश्वरम महादेव मंदिर

■ रामेश्वरम महादेव मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और अध्यात्म का भव्य संगम देखने को मिला

उदयपुर, । श्रावण मास के पावन अवसर पर चित्रकूट नगर सोसायटी स्थित श्री राम पार्क में रामेश्वरम महादेव मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और अध्यात्म का भव्य संगम देखने को मिला। सोसायटी के जयप्रकाश दाधीच परिवार द्वारा आयोजित सहस्त्र धारा अभिषेक ने श्रद्धालुओं को दिव्यता से सराबोर कर दिया। इस आयोजन में भगवान शिव का मनोहारी पुष्प श्रृंगार किया गया, जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। पंडित जुगल किशोर ने जानकारी दी कि यह अभिषेक परंपरागत जलधारा के रूप में किया जाता है, जो सहस्त्र जलधाराओं से भगवान शिव का अभिषेक करता है, इसलिए इसे 'सहस्त्र धारा अभिषेक' कहा जाता है। आयोजन की विशेषता रही किशनगढ से आई 5 पंडितों की विशेष टोली, जिन्होंने पूरे विधि-विधान से रुद्री पाठ और सहस्त्र धारा अभिषेक संपन्न कराया। साथ ही शिव भजनों की संगीतमयी प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया और श्रद्धालु हर हर महादेव के जयघोष में मग्न हो उठे। प्रात: 11.30० बजे प्रारंभ अभिषेक विशाल महाआरती के साथ पूर्ण हुआ। आरती में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और महादेव के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। आयोजन में सोसायटी अध्यक्ष तेज प्रकाश शर्मा, हिम्मत सिंह राव, राजेश गर्ग, निरंजन टेलर, रवि धाबाई, कलावती शर्मा, सुशीला शर्मा, सुलेखा सिंह, सपना माली सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

घोटाले को ले कर बाप पार्टी ने दी आन्दोलन की चेतावनी

उदयपुर, । टीएडी विभाग में भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर 19 जून से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता युनुस चौपदार के समर्थन में भारतीय आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने सोमवार को धरना स्थल पर पहुंच कर चोपदार की मांगे शिघ्र नही मानने पर बाप पार्टी द्वारा आन्दोलन तेज करने की चेतावनी दी।

सोमवार को भारत आदिवासी पार्टी के प्रतिनिधि के तौर पर उदयपुर जिलाध्यक्ष अमित कुमार खराडी एवं भील प्रदेश विधार्थी मोर्चा के जिला संयोजक निशाकर डामोर से जनजाति आयुक्त कार्यालय के बाहर धरनास्थल पर चौपदार से मुलाकात की और चौपदार की मांगों को लेकर जानकारी ली। जिलाध्यक्ष अमित कुमार खराडी ने कहा कि करोडो रुपये के घोटालों के पुख्ता सबुत होने के बावजूद टीएडी मंत्री बाबूलाल खराडी और टीएडी आयुक्त कार्यवाही नहीं कर रहे हैए इससे साफ जाहिर होता है कि इन घोटाले में मंत्री खराडी की भी मिलीभगत है। भारत आदिवासी पार्टी आदिवासियों के हक.अधिकार पर डाका मारने वाले भ्रष्टाचारीयों के खिलाफ सडक पर उतरेंगे।

हजरत दीवाना शाह साहब जी की यौमे पैदाई मनाया

■ जहाँ हम्द, नात शरीफ, मनकबत, सलातो सलाम व फातिहा ख्वानी के बाद बुलन्द दरवाजा पर छीपा परिवार ने अलम वक्फ कमेटी के सदस्यो को सौंपा

कपासन , । प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. के यौमे पैदाईस (जन्मोत्सव) के मौके पर अलम शरीफ की रस्म मे हजारो लोगो ने की शिरकत। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी के अनुसार सोमवार 25 मोहरर्म को भीलवाडा के छीपा दाऊद सेठ, हाजरा बाई एवं पूर्व दरगाह सदर निसार अहमद छीपा के खानदान के पचास सदस्यो के साथ वक्फ कमेटी सदर अनवर अहमद छीपा ने अलम शरीफ (झंडा) बाद नमाजे जोहर के आस्ताना ए आलिया मे पेश किया। जहाँ हम्द, नात शरीफ, मनकबत, सलातो सलाम व फातिहा ख्वानी के बाद बुलन्द दरवाजा पर छीपा परिवार ने अलम वक्फ कमेटी के सदस्यो को सौंपा। वक्फ कमेटी सदस्य अशफाक तुर्किया, शराफत भाटी, मंसूर ओटवाल, शब्बीर पुंवार, सैयद ऐजाज अली ने अलम बाबा हुजूर के मोमीन मोहल्ला स्थित कुटिया पर पेश किया। कुटिया से अलम शरीफ का जुलूस हुसैनी बैण्ड के साथ कलन्दरी मस्जिद, बस स्टेण्ड होता हुवा दरगाह शरीफ पहुंचा। बलन्द दरवाजा पर वक्फ कमेटी नायब सदर मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी, मुबारक हुसैन शैख, खंजाची अब्दुल वहीद अंसारी, सदस्य सैयद अख्तर अली बुखारी, हाजी शरीफ मेवाती, हाजी जेनुलहसन, असलम शैख, इकबाल रंगरेज हाजी अब्दुर्रहमान मंसूरी, अकरम छीपा, अकरम मंसूरी, अकील शाह, इरफान सिलावट ने जुलूस का इस्तकबाल किया। बाद नमाज असर के आस्ताना ए आलिया के पश्चिम तरफ कोने पर बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ राजस्थान जयपुर के वरिष्ठ सदस्य हाजी युसूफ खाँ एवं बुलन्द दरवाजा पर कमेटी पदाधिकारियों एवं वक्फ कमेटी के सदस्यो ने नारो के साथ अलम पेश किया। इस मौके पर पीरे तरीकत सैयद आदिल अली कादरी शहर काजी जावद, शहर काजी मोहम्मद सईद कपासन, शहर काजी अब्दुल मुस्तफा चिश्ती करीमी, हाजी इस्माईल मंसूरी, चित्तौडगढ, कालू भाई कोटा, आजाद हुसैन मंसूरी पूर्व उपसरपंच सावलियां जी, हुसैन छीपा पाली, बबला भाई, बाबु भाई छीपा रंगवाले, परवेज कुरेशी, हाजी अब्दुल करीम अंसारी उदयपुर, एडवोकेट मोहम्मद शरीफ पठान, मोहम्मद रफीक भीलवाडा, राजेन्द्र सिंह आरजिया, युसूफ भाई छीपा गंगापुर, रिटायर्ड थानेदार मूंशी खाँ उपरेडा, जाकीर खाँ राशमी एवं एडवोकेट सैयद अशफाक अली, पूर्व पार्षद अशरफ हुसैन, मोहम्मद हारून, पार्षद प्रतिनिधि रफीक भाटी एवं हजारो की तादाद मे बाबा हुजूर के शेदाई उपस्थित थे।

सोमवार बाद नमाजे से ही बाबा हुजूर के यौमे पैदाईश के मौके पर हर शख्स हाथो मे फूल, बुक्का, चादर, ईत्र लिये आस्ताना ए आलिया के मुख्य मजार में मुबारक बाद पेश कर उल्टे पांव वापिस बाहर आकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कोई खीर तकसीम कर रहा, कोई केक काट कर खुशी मना रहा है, कोई न्याज कर रहा है। अहाता ए नूर मे महफिले मीलाद व पूरे दिन कव्वाल ने बारी-बारी से अपने कलाम पेश किया।

प्रात: 11 बजे से 1:30बजे तक दीवाना शाह माध्यमिक विद्यालय के छात्र/छात्राओ द्वारा बाबा हुजूर जन्मोत्सव के मुबारक मौके पर अहमद कबीर मंजिल मे हम्द, नात, मनकबत, बाबा हुजूर की जीवनी पेश की। इसमे पूर्व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी लियाकत अली सोरगर, मंजूर खाँ पठान, शिक्षा विद अब्दुल सलीम खाँ, मोहम्मद हुसैन खाँ, नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन बारेगामा, दिनेश चाष्टा, प्रवीण बारेगामा, पूर्व पार्षद मदन कुमावत, विजय बारेगामा एवं कई अभिभावक मोजूद थे।

चुनावों को टालने के विरोध में कांग्रेस की बैठक कल

उदयपुर, । प्रदेश में आमजन की विभिन्न समस्यायों को ले कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 23 जुलाई को कृष्णा ट्रेवल्स, सब सिटी सेंटर, सवीना कार्यालय पर उदयपुर देहात जिला कांग्रेस द्वारा बैठक का आयोजन किया जायेगा ।

बैठक में संभाग प्रभारी घनश्याम मेहर(विधायक) एवं उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रभारी इंदिरा मीणा(विधायक) भी भाग लेंगे। बैठक के बाद इन सभी समस्याओं के निवारण के लिए जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया जाएगा। उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि प्रदेश में जब से भाजपा की पर्ची सरकार बनी है तब से प्रदेश में कानून व्यवस्था बिल्कुल चौपट हो गई है। महिलाओं पर अत्याचार, बलात्कार, लूटपाट, डकैती,चैन स्नेचिंग,बजरी माफियाओ द्वारा गुंडागर्दी जैसी घटनाएं आम दिन हो रही है। कानून व्यवस्था बिल्कुल खत्म हो गई है। उन्होंने बताया कि पर्ची सरकार द्वारा बार-बार नगर निकाय एवं पंचायत राज चुनाव को टाला जा रहा है। साथ ही स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर अब उदयपुर को स्मार्ट मीटर का झुनझुना दिया जा रहा है।

सार-समाचार

युवा संघर्ष करें, सहयोग करने से पीछे नहीं हटूँगा : हार्दिक पटेल

डूंगरपुर , । वीरमगाम में आयोजित मिलन समारोह में पटेल पाटीदार डांगी समाज के डूंगरपुर-बांसवाडा के युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में गुजरात के विरमगांव विधायक हार्दिक पटेल का लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की तस्वीर एवं पगडी पहनाकर सम्मान किया। हार्दिक पटेल ने कहा कि इस युवा संघर्ष करें जहाँ भी मेरे सहयोग की आवश्यकता होगी मैं कभी पीछे नहीं हटूँगा। युवाओं को सामाजिक संघर्ष में सक्रिय रूप से शामिल होना चाहिए ताकि वे समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें। सामाजिक संघर्ष, जैसे कि अन्याय, असमानता, और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाना, युवाओं को सशक्त बनाता है और उन्हें समाज का सक्रिय सदस्य बनने के लिए प्रेरित करता है। कभी सुनील पटेल ने बताया कि आगामी माह में सामाजिक कार्यक्रमों में लोकप्रिय नेता हार्दिक पटेल का दौरा प्रस्तावित है। आगे के विजन एवं समाज को शिक्षा व व्यापार के क्षेत्र में मजबूत बनाने को लेकर कार्य किए जाएंगे। इस दौरान रामजी पाटीदार इंदौडा, चंद्रकांत पाटीदार जौलाना, जगदीश पाटीदार चौखला, वाजेंग पाटीदार सामागढा, हीरालाल पटेल मौजूद रहें।

प्रो. गौरव वल्लभ का सम्मान

उदयपुर, । भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो. गौरव वल्लभ को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद में सदस्य के रूप में मनोनीत किए जाने पर नई दिल्ली में सम्मान किया गया। यह सम्मान राजस्थान सरकार के पूर्व उप शासन सचिव एवं कर्नाटक स्टेट डिजिटल मीडिया एसोसिएशन के डायरेक्टर डॉ. पी. डी. पारीक एवं आहुति सेवा, शिक्षा एवं शोध संस्थान, राजस्थान के संस्थापक संयोजक योगाचार्य डॉ. विक्रम मेनारिया द्वारा दिल्ली स्थित राजस्थान स्टेट गेस्ट हाउस में किया गया। इस अवसर पर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र से जुडी कई प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में प्रो. गौरव वल्लभ के आर्थिक क्षेत्र में योगदान की सराहना की गई । यह जानकारी आहुति संस्थान के संस्थापक संयोजक डॉ. मेनारिया द्वारा दी गई।

हिदायतुल्ला खंजाची नियुक्त

उदयपुर, । अंजुमन तालीमुल इस्लाम, उदयपुर के सदर मुख्तार कुरैशी व सेकेट्री मुस्तफा शेख व काबिना की ओर से पूर्व पार्षद हिदायतुल्ला खान को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए खंजाची (फाइनेंस सेकेट्री) नियुक्त किया गया है। यह जानकारी अंजुमन प्रवक्ता राशिद खान ने दी।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

उदयपुर, । जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 23 जुलाई को सुबह 10.30 बजे जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में होगी। समिति के सदस्य सचिव सीएमएचओ डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि बैठक में सभी विभागीय अधिकारी, चिकित्साधिकारी प्रभारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी अधिकारी एवं खण्ड कार्यक्रम अधिकारी आदि भाग लेंगे।

बैठक 23 को

उदयपुर, । समेकित बाल विकास सेवाएं अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत जिला पोषण अभिसरण योजना समिति की बैठक 23 जुलाई को दोपहर 12.30 बजे जिला कलक्टर की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में होगी। यह जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक नंदलाल मेघवाल ने दी।

आसोलिया राव सिरदारों का स्नेह मिलन

उदयपुर, । राजस्थान राव छात्रावास में राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात एवं प्रवासी आसोलिया राव सिरदारों के भव्य स्नेह मिलन को लेकर सामाजिक मीटिंग आयोजित हुई। जिसमें सामाजिक एकता, संप्रभुता , इतिहास संरक्षण , भव्य स्नेह मिलन, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का समाज बंधुओ ने निर्णय लिया। एकीकृत प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि

संचालन नरपत सिंह आसोलिया ने किया। सरस्वती पूजन एवं समाज के गौरव पुरुष मोहन सिंह जी के माल्यार्पण द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राजस्थान मध्य प्रदेश गुजरात एवं प्रवासी सोलंकी राव सिरदारों ने अपना परिचय दिया। सभी ने अपने सुझाव भी रखें साथ ही आयोजक मंडल आसोलिया की मादडी के सूरज सिंह, रोड सिंह, गुमान सिंह, माधो सिंह,नरपत सिंह, शंभू सिंह, नाथू सिंह, मानसिंह, गोपाल सिंह, रतन सिंह, अमर सिंह, भरत सिंह ने पधारे सभी अतिथियों का उपरणा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम मुख्य रूप से गुजरात पाटन से आसोलिया सोलंकी राव सिरदारों की उत्पत्ति होने के कारण पाटन में स्नेह मिलन की रूपरेखा पर विचार किया । आयोजन के लिए कमेटी का निर्माण किया गया। बडी संख्या में आसोलिया राव सिरदार मीटिंग में आए। एवं आगामी आयोजन माता श्री भद्रकाली माता श्री खीमज माता के दरबार में गुजरात पाटन में आयोजित किए जाने का सर्वसमती से निर्णय भी लिया ।

त्रिमूखी वाले बाबा का उर्स सम्पन्न

उदयपुर, । देबारी स्थित त्रिमूखी वाले बाबा का तीन दिवसीय उर्स सोमवार को कुल की रस्म के साथ सम्पन्न हुआ। इस मोके पर मुस्लिम महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष हाज़ी मो. बक्ष, प्रदेश महासचिव हिदायतुल्ला, प्रदेश संगठन सचिव मोईनुद्दीन का इंतजामिया कमेटी ने इस्तक़बाल किया। इंतजामिया कमेटी के सदर ने मुस्लिम महासंघ द्वारा किये जा रहे सामाजिक कामो की जानकारी देते हुए बताया यह संगठन हमेशा समाज के हर कामो मे आगे रहता है।

उदयपुर, राजसमंद और सलूम्बर के डाकघरों में लागू हुई नई डिजिटल सेवा

उदयपुर। डाक विभाग डिजिटल उत्कृष्टता के लिए एपीटी (एडवांस प्लेटफॉर्म टेक्नोलॉजी) एप्लिकेशन का रोलआउट करने जा रहा है। उन्नत प्रणाली को उदयपुरए राजसमंद एवं सलूम्बर क्षेत्र के सभी डाकघरों में 21 जुलाई को लागू किया गया । इसके चलते सोमवार को डाकघरों में लेन देन बंद रहा।डाकघर उदयपुर मंडल के प्रवर अधीक्षक अक्षय भानुदास गाडेकर ने बताया कि इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित रूपांतरण सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को एक नियोजित डाउन टाइम निर्धारित किया गया । सोमवार को डाकघरों में कोई भी सार्वजनिक लेन देन नहीं किया गया । उन्होंने बताया कि यह अस्थायी सेवा स्थगन डेटा माइग्रेशन सिस्टम वैलिडेशन एवं कॉन्फगिरेशन प्रक्रियाओं को संपन्न करने हेतु आवश्यक है जिससे नई प्रणाली का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। एपीटी एप्लिकेशन को उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने सेवाओं को तीव्रता से प्रदान करने तथा एक अधिक ग्राहक अनुकूल इंटरफेस के साथ विकसित किया गया है।

SBI भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया परशुराम चौराहा के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001
ई-मेल : sbi.31871@sbi.co.in

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV (नियम 8